7 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 5/8/2024 12:34 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 मई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 बांगो बांध का जलस्तर घटा, फिर भी 16 घंटे चल रहा हाइडल प्लांट





मतदान करने महिलाओं की मतदान केंद्र के बाहर लगी लंबी कतार।



सरस्वती शिशु मंदिर मतदान केंद्र में मतदान के लिए पहुंची भीड़।

## युवा मतदाता सहित दिव्यांग बुजुर्ग पहुंचे मतदान करने

# कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान



पहाड़ी कोरवा परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत कोरबा जिले के 1087 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। अंतिम जानकारी तक औसत मतदान का प्रतिशत 71 प्रतिशत बताया गया है। मतदान केन्द्रों में गर्मी के मौसम के मद्देनजर सुबह से मतदाताओं की लंबी कतार मतदान केन्द्रों में लग गई थी। कई मतदान केन्द्र ऐसे थे जहां मतदान शुरू होने के पूर्व ही लोग वोट करने पहुंच चुके थे। स्थिति यह थी कि 11 बजे तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की अपार भीड़ लगी हुई थी।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र से 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 8 विधानसभा के 16 लाख से ज्यादा पंजीकृत मतदाता हैं, जो अपना सांसद चुनने मतदान केन्द्रों में वोट डालने पहुंचे। सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम देखने को मिला। पहले पहुंचे लोग बूथ के सामने खड़े मतदान शुरू होने का इंतजार करते नजर आए। कई लोग परिवार समेत पहुंच चुके थे और उत्साह के साथ अपनी बारी का इंतजार करने लगे। मतदान को लेकर मतदाताओं में जागरूकता दिखी। जनप्रतिनिधियों के साथ वीआईपी प्रशासनिक अधिकारी वोट डालने पहुंचे हुए थे। प्रत्येक चरण मतदान का प्रतिशत जानने लोग इच्छुक नजर आए। मौसम में सुबह से ठंडक होने के कारण मतदाता ज्यादा संख्या में मतदान केन्द्र पहुंचे हुए थे। दिव्यांग एवं बुजुर्ग जहां व्हील चेयर में मतदान केन्द्र मतदान करने पहुंचे हुए थे। सभी मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के वोटिंग के लिए मतदाता मित्र भी तैनात किए गए थे। वोटिंग के दौरान शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदान केन्द्रों में भीड़ नजर आ रही थी। इनमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक नजर आई। मतदाताओं ने मौसम का भी का फायदा उठाया।

### ऐसे बढ़ता रहा मतदान का प्रतिशत

सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुई। पहले 2 घंटे में सुबह 9 बजे तक 15.54 फीसदी वोटिंग हो चुकी थी। सर्वाधिक वोटिंग कोरबा जिले के विधानसभा पाली-तानाखार में 18.05 फीसदी रहा था। हालांकि आठों विधानसभा की बात करें तो भरतपुर सोनहत में 20.17 फीसदी मतदान हो चुका था। अगले दो घंटे में सुबह 11 बजे तक 32.37 फीसदी मतदाताओं ने जनादेश दे दिया था, जिसमें कटघोरा विधानसभा में 32.92, कोरबा में 22.59, पाली-तानाखार में 38.40 और रामपुर में 35.69 फीसदी वोटिंग हो चुकी थी। कोरबा लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ।

### प्रत्येक चरण का मतदान प्रतिशत

- सुबह 9 बजे तक कुल वोटिंग 15.54 फीसदी
- सुबह 11 बजे तक कुल वोटिंग 32.37 फीसदी
- दोपहर 1 बजे तक कुल वोटिंग 48.10 फीसदी
- दोपहर 3 बजे तक कुल वोटिंग 62.14फीसदी
- शाम 5 बजे तक कुल वोटिंग 70.60 फीसदी
- शाम 6 बजे तक कुल वोटिंग फीसदी 71.00 फीसदी



कोरबा विधानसभा में मतदान की जिम्मेदारी संभालती महिला कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### सुबह से दिखा मतदाताओं में उत्साह

**कोरबा।** मौसम में बादल छाने के कारण गर्मी का असर नजर नहीं आया। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ लगी हुई थी। महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। कई केन्द्र ऐसे थे जहां मतदान शुरू होने के पहले ही लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद तेज धूप होने के कारण कुछ देर के लिए दोपहर में मतदान की रफ्तार सुबह की अपेक्षा धीमी रही। शाम होते ही जैसे ही मतदान केन्द्रों में पुनः भीड़ लगना शुरू हुई वैसे ही तेज आंधी पानी के कारण मतदान के रफ्तार में फिर से ब्रेक लगा। बिजली बंद होने का भी असर मतदान केन्द्र में देखा गया।

### पहली बार करने मतदान करने पहुंची पायल ने डाला टेंडर वोट

**कोरबा।** शहर के कमला नेहरु महाविद्यालय में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंची पायल पोद्दार उस वक्त सख्ते में आ गई जब उसके जगह किसी अन्य ने वोट डाल दिया है। अपने जगह किसी दूसरे के द्वारा मतदान करने की जानकारी मिलने पर पायल ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। पायल पोद्दार की आईडी व अन्य दस्तावेज देखने के बाद पायल को टेंडर मतदान की अनुमति दी गई। जिसके बाद पायल ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### पहली बार वोट डालने पहुंचे युवा मतदाता

**कोरबा।** विधानसभा चुनाव के बाद 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवा मतदाता पहली बार लोकसभा चुनाव से अपने मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करने अपने मतदान केन्द्र पहुंचे। उनके चेहरे में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। सभी मतदान केन्द्रों में युवा मतदाताओं की भी लंबी कतार दिखाई पड़ी, जो वोट डालने पहुंचते हुए थे।

### होम वोटिंग के बाद भी बुजुर्ग दिव्यांग पहुंचे मतदान करने

**कोरबा।** चुनाव आयोग द्वारा बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही वोट डालने की सुविधा शुरू की गई है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा 28 एवं 29 अप्रैल को जिले के चारों विधानसभा में होम वोटिंग के लिए बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से आवेदन मंगाए थे, जिनके द्वारा इस सुविधा के लिए आवेदन किया गया था। उनको घर में ही होम वोटिंग कराई गई। इसके बावजूद कई ऐसे बुजुर्ग दिव्यांग थे, जो लाठी एवं अपने परिजनों के सहारे वोट डालने पहुंचे हुए थे।

### आंधी, बारिश में भी नहीं रुका उत्साह



**कोरबा।** मतदान के दौरान मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। धूप, गर्मी व बिगड़ते मौसम की परवाह न करते हुए, मतदाताओं ने अपना वोट दिया। शाम 4 बजे के बाद मौसम का मिजाज बिगड़ा, तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई, किंतु मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ, बरसते पानी मे भी लोग छतरी लेकर मतदान करने पहुंचते रहे। मतदान के प्रति लोगों का यह उत्साह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है।

### 544 मतदान केंद्रों में हुई वेबकास्टिंग



**कोरबा।** जिले में पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान हो इसके लिए तमाम व्यवस्था की गई। मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही उनकी निगरानी होती। जिले के चिन्हित 544 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की जाती रही। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से टीम द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

## पुलिस की चाक चौबंद रही व्यवस्था



लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पहले ही पुलिस ने कमर कस ली थी और इसके लिए पुलिस द्वारा अलग-अलग क्षेत्र फ्लैग मार्च किया गया था। मतदान के सुबह से ही पुलिस के आला अधिकारियों के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्र में तैनात की गई पेट्रोलिंग की टीम भी अलग-अलग क्षेत्र में मतदान के दौरान पेट्रोलिंग करती रही और लोगों के बीच पहुंचती रही। यही वजह है कि पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की वजह से शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आया। कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी पोलिंग बूथ पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। पुलिस के आला अधिकारियों की टीम अपने-अपने क्षेत्र में लगातार पोलिंग बूथों पर पेट्रोलिंग करते नजर आई तो वहीं दूसरी ओर पुलिस पार्टी जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पोलिंग बूथों पर लगाई गई थी वह पूरा सुबह से देर रात तक अपने-अपने पोलिंग बूथों पर जवाबदारी संभाला गया। वहीं सशस्त्र जवान की भी चाक चौबंद व्यवस्था के लिए अपने-अपने पोलिंग बूथों के बाहर तैनात रहे।

## हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लोगों ने बढ़ चढ़कर किया मतदान



कटघोरा वनमंडल अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मतदाता को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर अलग से वाहन की व्यवस्था की गई थी जहां पहले से ही वन विभाग के कर्मचारी पेट्रोलिंग करते नजर आए और ग्रामीणों को मतदान करने के लिए उन्हें सुरक्षित मतदान केंद्रों में भी पहुंचाते रहे। कटघोरा वनमंडल के ग्राम भूडूपानी और कोदवारी में जंगल के रास्ते वोट देने जाने वालो को 4 किलोमीटर दूर मड़ई मतदान केंद्र तक सुरक्षित मतदाताओं को पहुंचाया गया। केंदई रेंजर अभिषेक अपनी टीम के साथ ही सुबह से ही अलर्ट मोड पर रहे और 48 हाथियों पर अपनी नजरें जमाए हुए थे। देर शाम तक हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लोगों ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया और क्षेत्र में किसी तरह की कोई भी अप्रिय स्थिति नहीं हुई।

## उद्योग मंत्री ने सपरिवार किया मतदान




वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मंगलवार की सुबह 10 बजे कोरबा विधानसभा अंतर्गत चारपारा कोहड़िया स्थित आत्मानंद स्कूल चारपारा मतदान केंद्र क्रमांक 76 में अपने परिवार के साथ वोट देने पहुंचे, जहां अपने पूरे परिवार वोट दिया। वोट देने के बाद मंत्री श्री देवांगन ने सभी मतदाताओं से विनम्र अपील करते हुए कहा की आप सभी अपने मत का शत प्रतिशत सदुपयोग कर सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत की नींव रखें। एक ऐसी सरकार का चयन करें जो देश के विकास, सीमा की सुरक्षा, हमारी विरासतों के संरक्षण और राष्ट्रहित में दृढ़ निर्णय लेने की क्षमता रखती हो। आपका प्रत्येक वोट विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। अपने वोट के साथ-साथ, अपने परिवार और मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उन्होंने कहा की कोरबा लोकसभा में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। कोरबा विधानसभा में भाजपा की सबसे बड़ी लीड रहेगी। सुश्री सरोज पांडेय प्रचंड वोटो से जीत दजर् करने जा रही हैं। प्रदेश की जनता मोदी जी के गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन पर मुहर लगाने जा रही है।

## भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पहुंची निर्मला स्कूल



कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय कोसाबाड़ी स्थित निर्मला स्कूल पहुंची, जहां उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान हो रहा है। नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से मतदान करने के अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी एकजुट है।

## रोड नहीं तो वोट नहीं, मचा हड़कंप



कोरबा लोकसभा के पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम सैला में ग्रामीणों ने रोड को लेकर मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया। सुबह 7 बजे से मतदान केंद्र में विरानी छायी रही। केंद्र में केवल 7 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा कोई भी मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचा। ग्राम सैला के ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव से पहले जिला प्रशासन को इस बाबत चेतावनी दी जा चुकी थी। ग्रामीण मतदान करने मतदान केंद्र नहीं जा रहे। जिला प्रशासन के जानकारी में आते ही हड़कप मच गया हैं। बताया जा रहा हैं की एसडीओपी पंकज सिंह ठाकुर, एसडीएम रोहित सिंह एवं अन्य प्रशानिक दल एवं पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों समझाइस दे रहे है।

## ईवीएम में गड़बड़ी मतदान में देरी



कोरबा विधानसभा अंतर्गत ग्राम रुगबहरी के लोकसभा क्रमांक 4 के बूथ क्रमांक 56 में मतदान 8 बजे तक शुरु नहीं हो पाया। जिसकी वजह से ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। दरअसल पोलिंग बूथ के ईवीएम मशीन में गड़बड़ी के चलते मतदान प्रक्रिया शुरु नहीं हो पाई। सुबह से मतदान के लिए कतार में लगे लोगों का गुस्सा बढ़ने लगा। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण सुबह 5 से ही लंबी लाइन लगाकर मतदान करने का इंतजार कर रहे थे लेकिन देरी की वजह से मतदान को लेकर उत्साह ग्रामीणों की मायूसी में तब्दील होने लगी। घंटों तक केंद्र में माहौल गरमाया रहा।

## महंत दंपति ने सारागांव में किया मतदान



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में स्थित अपने गृहग्राम सारागांव में मतदान किया।

## मतदाता सहायक, स्काउट्स और गाइड्स ने निभाई भूमिका



मतदान केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को मतदान कराने स्कूली विद्यार्थियों, मतदाता सहायक, स्काउट्स और गाइड्स द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने, पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मतदान में दिव्यांग मतदाताओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते रहे। व्हील चेयर, ट्राइ-साइकिल आदि के सहारे मतदान केन्द्र पहुंच कर दिव्यांग अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट डाल कर खुश नजर आए।

## सोनपुरी में दिखे वन्य प्राणी



वन्य जीव, पेड़ पौधे, रंगोली, पोस्टर, रंगीन गुब्बारों से सुसज्जित सोनपुरी मतदान केंद्र वन्य प्राणियों एवं वनों की सरंक्षण का महत्व को परिलक्षित किया गया। केंद्र में मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए छाया, पेयजल की व्यवस्था, मेडिकल टीम, सेल्फी बूथ, व्हील चेयर, इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। केंद्र में बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौना की भी व्यवस्था की रही। पहली बार मतदान कर रही सुश्री किरण चौहान काफी उत्साहित नजर आई, उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार एवं नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने सभी को मतदान के लिए आग्रह करते हुए सारे काम छोड़कर मतदान करने की अपील की।

## वीआईपी ने भी किया मतदान



मतदान करने के लिए जिला प्रशासन के अफसर अपने-अपने मतदान केन्द्रों में मतदान करने के साथ आम लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते नजर आए। कलेक्टर अजीत वसंत ने अपनी पत्नी डॉ.रूपल ठाकुर के साथ पीडब्ल्यूडी रामपुर मतदान केन्द्र में मतदान किया। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह 7 बजे कलेक्टर श्री वसंत केन्द्र क्रमांक 127 रामपुर कोरबा पीडब्ल्यूडी प्राथमिक शाला पहुँचे और उन्होंने पीठासीन अधिकारी से मतदान की तैयारियों संबंधी जानकारी ली। इस स्कूल परिसर में दो मतदान केन्द्र 126 तथा 127 स्थित है। कलेक्टर ने दोनों केन्द्रों में मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने भी आदर्श मतदान केंद्र में मतदान किया। इस दौरान कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों ने केंद्र में बने सेल्फी बूथ पर सेल्फी लेकर आमजनों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

## नाव में सवार होकर पहाड़ी कोरवा जाते हैं लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने



**कोरबा।** जिले के खोखराआमा गांव में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के कोरवा आदिवासी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यहां के वोटरों में काफी उत्साह रहता है। इस गांव का मतदान प्रतिशत हर बार 85 प्रतिशत के पार ही रहता है। ये पहाड़ी कोरवा अपने गांव में विकास की आस में हर बार वोट तो डालते हैं लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि इस गांव का रास्ता ही भूल जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर हमसे क्या गलती हो गई है? क्या मूल निवासी होना, बीहड़ वनांचल में बसना हमारी भूल है? यदि नहीं तो विकास आखिर शहर तक ही सीमित क्यों रहता है? वह गांव का रास्ता क्यों भूल जाता है? दरअसल, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को तीसरे चरण का मतदान हुआ। इस दौरान ईटीवी भारत के टीम कोरबा लोकसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतरेंगा के आश्रित गांव खोखराआमा पहुंची। इन ग्रामीणों को मतदान करने सतरेंगा तक आना पड़ता है, लेकिन इस फासले के बीच में एक बड़ा डूबान का क्षेत्र है। बांगो बांध के निर्माण के बाद से ही यहां पानी भर गया था, जो हसदेव नदी से जुड़ा हुआ है। इसी नदी को पार करने के लिए ग्रामीण नाव का सहारा लेते हैं। मतदान के दिन ग्रामीणों की नाव नदी के इस पार थी, जबकि दूसरी तरफ जो नाव गांव के मुहाने पर मौजूद था उसमें पानी भर चुका था, कुछ लोग इसी नाव से पानी खाली कर रहे थे। इतने में ही गांव का युवा चैतराम नदी में ही कूद गया और तैरकर डुबान को पार किया, जिसके बाद वह नाव वापस लेकर गया और तब जाकर कोरवा आदिवासी नदी को पार कर सके और वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे, इतनी परेशानियों के बावजूद ये पहाड़ी कोरवा अपने मताधिकार का प्रयोग करना नहीं भूलते। हालांकि जनप्रतिनिधि इस गांव का रास्ता भूल जाते हैं।

## पूर्व मंत्री ने परिवार सहित डाला वोट




पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उनकी धर्मपत्नी पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सपरिवार कमला नेहरू कॉलेज स्थित मतदान केन्द्र में सुबह पहुंचकर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उनके दोनों पुत्र उनके साथ मतदान करने पहुंचे हुए थे।

## महापौर ने साडा कन्या मतदान केन्द्र में किया मतदान



नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद ने साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मतदान केन्द्र में मतदान किया।




# विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

लाइफ Style



# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'

हॉलीवुड मसाला



# अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।




# एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



# कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



# पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

टीवी मसाला



# सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

## टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।



# शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

## इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं।

जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

# 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाईं, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।

## अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

# ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।



अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।

## बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है।

साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में तीन खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** इंदौर में होने वाली 74वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में किया गया है। सरगुजा बास्केटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी साक्षी तिर्की, रिमझिम मिश्रा व आयुष चौबे छत्तीसगढ़ जूनियर बास्केटबॉल टीम में बालक व बालिका वर्ग में खेलकर सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के इंदौर में 8 से 14 मई तक चलेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के महात्मा गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड पर सुबह - शाम नियमित अभ्यास करते हुए तीनों खिलाड़ीयों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 2024 सरगुजा जिला के लिए बास्केटबॉल खेल से सरगुजा जिला का मान बढ़ाया है साथ ही नवनिर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट पर नियमित निःशुल्क बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रतिभा निखारने में मदद मिलेगी और राष्ट्रीय स्तर के मंच पर खेलने का जिले के खिलाड़ियों को मिल सकेगा।

### नाबालिग से गाली गलौज व अभद्र बात करने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नाबालिग से गाली गलौज व अश्लील मैसेज भेजने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केनाबांध निवासी राजा सोनी की नाबालिग से जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी युवक बातचीत करता था। आरोपी ने नाबालिग के फोटो को इंस्टाग्राम में डालकर बदनाम करने की कोशिश की और जब नाबालिग ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उससे गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने नाबालिग से अभद्र बातचीत की। इस मामले में पुलिस व साइबर सेल की टीम ने जांच उपरान्त केनाबांध निवासी 22 वर्षीय राजा सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, सियाराम मरावी, महिला आरक्षक सरस्वती सिंह, आरक्षक प्रमोद सिंह, शिव राजवाड़े, राजेंद्र गढ़ेवाल शामिल रहे।

### दुष्कर्म करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म

**अम्बिकापुर।** शादी का झांसा देकर युवक ने न सिर्फ युवती से दुष्कर्म किया बल्कि उसे छोड़ चला गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी को कुछ घंटे



के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र निवासी युवती 7 जनवरी को कपड़ा सिलवाने के लिए गई थी। जहां से वापस घर लौट रही थी तभी जंगल के समीप लक्ष्मणगढ़ निवासी गुड्डन राम मिला और युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। युवक शादी का झांसा देकर दो माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया और युवती को छोड़ चला गया। पीड़िता ने गत दिन घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 376 (2) (एन), 506 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के कुछ घंटे के भीतर ही आरोपी गुड्डन राम (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछताछ में युवक ने युवती से दुष्कर्म करने बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक राजनाथ, महिला आरक्षक प्रियंका तिर्की, आरक्षक देवेंद्र सिंह, अजय शर्मा सक्रिय रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम दिरंग निवासी संजय कुमार आ. दहन राम विश्वकर्मा (25 वर्ष) गत दिन ओम शिवाय पैकरा व पिंटू दास के साथ मोबाइल बनवाने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 3982 से बतौली जा रहे थे। ओम शिवाय पैकरा बतौली में संजय को उतार पिंटू के साथ अम्बिकापुर रोड स्थित मोबाइल दुकान जा रहे थे। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएफ 7622 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### भैंस के घसीटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम बकमेर निवासी रूद्र प्रसाद आ. आलम साय (45 वर्ष) गत दिन भैंस को घर के समीप बांध रहा था। इसी दौरान भैंस अचानक भागने लगा। भैंस के भागने से रस्सी रूद्र प्रसाद के हाथ में फंस गई जिससे भैंस उसे काफी दूर तक घसीट कर ले गया जिससे ग्रामीण सिर व शरीर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बिगड़े बोर को सुधारने एसईसीएल प्रबंधन नहीं ले रहा सुध

# कटाईनार में एक माह से पानी सप्लाई बंद, मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल कर्मी व उनके परिजनों को भीषण गर्मी में पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। एसईसीएल के कटाईनार में पिछले एक माह से पानी सप्लाई बाधित है जिसकी वजह से हाहाकार मचा हुआ है। एसईसीएल प्रबंधन को इसकी शिकायत की गई है। बावजूद इसके अब तक पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। कटाईनार एसईसीएल माइनस कॉलोनी में एक माह से पानी सप्लाई बंद है। जिसके कारण एसईसीएल कर्मी एवं उनके परिवार को पानी के बिना भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कुछ



सूखी पानी टंकी।



बिगड़ा पड़ा बोरवेल।

कर्मचारियों ने प्रबंधन को आवेदन दिया गया है इसके बावजूद एसईसीएल प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं स्टाफ क्वार्टर में ऑफिसर लोगों के लिए दो वक्त पानी की सप्लाई किया जाता है। वहीं एसईसीएल कॉलोनी कटाईनार में पंप खराब होने की वजह से एक माह से पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है। जिस कारण कॉलोनीवासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। कॉलोनीवासी नगर निगम के द्वारा लगाए गए पंप पर आश्रित हैं।



बुजुर्ग महिला मतदाता के साथ रासेयो के सदस्य।

## रासेयो ने मतदाताओं की राह बनाया आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने मतदाताओं को मतदान करने में कोई असुविधा न हो इसके लिए पल पल मदद करते रहे। चुनाव आयोग की ओर से नित्य नए-नए पहल किए जा रहे हैं। मतदाताओं खासतौर पर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों समेत गर्भवती महिलाओं की मदद के लिए मतदान स्थल पर मतदाता मित्र मौजूद रहे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही मतदाताओं के लिए सेल्फी पॉइंट आकर्षक का केंद्र बना रहा। मित्र दल में राहुल आरमोर, प्रत्युष कंवर, अल्का कंवर, यवांतिका देवांगन, मनीषा नागदेव, निशा पटेल, पीयूष तंवर, सुप्रिया कंवर, नेहा राज, ज्योति देवांगन, निकिता पटेल, दीपांजली कैवर्त, प्रिया पटेल, पंकज, सुमन श्रीवास, रोशनी कैवर्त, सुरभि धनवार, हेमलता, सरस्वती मरकाम, अनुराधा, संध्या कंवर, तमन्ना, रोशनी आदि का सहयोग रहा।

## एनटीपीसी कर्मियों का एनकेएच में अब होगा कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल पर केन्द्रित करते हुए एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने शहर के निजी अस्पताल न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) के साथ साझेदारी की है। देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली परियोजना एनटीपीपी के कर्मचारियों को एनकेएच अस्पताल में कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा।जिले में एनटीपीसी कोरबा की परियोजना है, 2600 मेगावाट क्षमता के बिजली संयंत्र में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को अब शहर के कोसाबाड़ी स्थित निजी अस्पताल में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। अस्पताल की एनटीपीसी के साथ साझेदारी से संस्थान के कर्मचारी अब अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, गायनोकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी से जुड़े सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

## महिला मतदान दलों में उत्साह देर रात तक लौटने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा विधानसभा की 249 मतदान केंद्रों में मतदान की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिला अधिकारियों ने मतदान कार्य की सराहना की। मतदान के पश्चात सामग्री लेकर महिलाएं रात्रि 9.30 बजे से ही लौटने लगी। सामग्री लेकर लौटी रूप कुर्रे ने बताया कि मतदान कराना अच्छा अनुभव रहा। सामग्री के साथ लौटी महिला मतदान दलों ने अपनी भागीदारी निर्वाचन कार्य में होने पर खुद को गौरवान्वित महसूस करने जैसा बताया। मतदान कराकर लौटती महिला मतदान दलों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। पीठासीन अधिकारी श्रीमती रंजना दास और मतदान अधिकारी, रजनी पाटिल जोशी, सुशीला ने बताया कि गाँव वाले का भी बहुत सहयोग मिला। मतदान कराकर बहुत खुशी हो रही है। रामपुर सहित कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा के मतदान दलों का भी सामग्री वापसी के लिए स्ट्रांग रूम आना प्रारम्भ हो गया था। ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया।

## चुनाव आयोग के निर्देश का उल्लंघन : ठेका कर्मचारियों को मतदान करने नहीं मिली छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र एवं चुनाव आयोग के आदेशानुसार सराईपाली ओसीएमके उपक्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा यह सुचना जारी किया गया था कि सभी कर्मचारियों को मतदान करने हेतु उत्पादन पाली वाले सुबह 6 बजे से 12 बजे तक ही ड्यूटी करेंगे। उसके बाद वो मतदान करने के लिए घर जा सकते हैं, परन्तु स्टॉरेक्स मिनरल्स कम्पनी के अधिकारी अभिषेक सिंह के द्वारा अपने ठेकेदारी कर्मचारियों को 2 बजे से पहले छुट्टी देने से मना कर दिया गया और उनसे दोपहर 2 बजे तक कार्य लिया गया। इसके अतिरिक्त द्वितीय पाली के कर्मचारियों को सायं 5 बजे ड्यूटी पर बुलाए गए थे, लेकिन स्टॉरेक्स के उक्त अधिकारी द्वारा अपने कर्मचारियों को दोपहर 2 बजे ड्यूटी में आने के लिए बाध्य किया गया। जबकि एसईसीएल के समस्त विभागीय सुपरवाइजरों को 12 बजे ही मतदान हेतु अवकाश दे दिया गया था और द्वितीय पाली में विभागीय सुपरवाइजर सायं 5 बजे अपने कार्य में आये थे। इस प्रकार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक एस ई सी एल के कोई भी सुपरवाइजर वहाँ उपस्थित नहीं था। इस तरह स्टॉरेक्स मिनरल्स कम्पनी के अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव को गंभीरता से न लेते हुए न सिर्फ चुनाव आयोग के आदेशों का उल्लंघन किया गया, इसके साथ साथ खान सुरक्षा अधिनियमों के क़ानून का भी उल्लंघन किया गया।

# विक्षोभ के प्रभाव से दोपहर में छाया अंधेरा तेज रफ्तार अंधड़ के साथ हल्की वर्षा



उखड़े पेड़ को हटाते विद्युतकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव मंगलवार को अपराह्न 2 बजे अचानक तेज बदलाव आया और आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही दोपहर में घना अंधेरा छा गया। इस दौरान आधे घंटे तक तेज रफ्तार अंधड़ चला तथा गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई। मंगलवार को सुबह

### खास बातें

- तापमान में 5 .4 डिग्री की हुई गिरावट दिन में छाया अंधेरा
- पेड़ों की डंगाल गिरने से जगह-जगह की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त

चिलचिलाती धूप निकली। सुबह की चिलचिलाती धूप देखकर भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान लगाया जा रहा था। सुबह 8.30 बजे ही तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। चिलचिलाती धूप में मतदान केन्द्रों में वोट देने के लिए लाइन में खड़े लोग पसीना से तरबतर हो गए थे। दोपहर 2 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अंधेरा छा गया तथा गरज-चमक होने लगी। इस दौरान आधे घंटे तक तेज रफ्तार अंधड़ चला तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई जबकि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी वर्षा होने की सूचना है। ग्रामीण क्षेत्रों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार का अंधड़ चला जिसके कारण जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं पेड़ों की डंगाल टूटकर विद्युत लाइन पर गिर गई है। मौसम में आए बदलाव के कारण अधिक वर्षा तो नहीं हुई है लेकिन भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ आगामी दो दिनों तक प्रभावी रहेगा इस दौरान तेज रफ्तार अंधड़ चलने के साथ ही कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मराठवाड़ा के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण एवं मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक द्रोणिका सक्रिय होने के कारण पर्याप्त नमी पहुंच रही है। वर्तमान में विक्षोभ मध्यप्रदेश, विदर्भ, उड़ीसा एवं झारखण्ड में सक्रिय है। आसमान पर अभी भी बादलों की सक्रियता है। ऐसे में रात में भी कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर गर्मी असर दिखाएगी।

### आंधी व बारिश से गिरी घर की दीवार,बाल-बाल बचे लोग



रजपुरी कला। आज दोपहर अचानक आंधी तूफान के साथ शुरू हुई तेज बारिश से ग्राम पंचायत सिरकोतंगा स्थित एक घर का दीवार ढह गया। गनीमत था कि परिवार के लोग दूसरे कमरें में थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकोतंगा के वार्ड क्रमांक 6 निवासी बनारसी राजवाड़े का घर अचानक मौसम बदलने के कारण व आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश से बनारसी राजवाड़े का घर के एक हिस्से का दीवार भरभराकर गिर गया। घर का दीवार ढहने से लगभग 50 हजार रुपए से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। घटना क समय घर के लोग वहां नहीं थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घर मालिक ने बनारसी राजवाड़े ने बताया कि घर लगभग 10 वर्ष पहले बनाए थे।

### अंधड़ में उखड़े मतदान केन्द्रों के टेंट-पंडाल

तेज रफ्तार अंधड़ में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में लगाए गए टेंट-पंडाल उखड़ गए। इस तरह की स्थिति शहरी क्षेत्र के कुछ मतदान केन्द्रों में भी देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में इस तरह की घटनाएं अधिक हुई हैं। टेंट-पंडाल उखड़ने के दौरान मतदान केन्द्र में बारिश से बचने की व्यवस्था नहीं होने के कारण मतदाता बारिश में भींगते रहे। इस दौरान महिला मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### अंधड़ से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

अंधड़ से ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पेड़ों के उखड़ने के साथ विद्युत लाइन पर पेड़ों की डंगाल एवं बांस गिरने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत लाइन ध्वस्त हो गई है। अंधड़ से शहरी क्षेत्र में मामूली नुकसान हुआ है जबकि अम्बिकापुर ग्रामीण, दरिमा, लखनपुर, उदयपुर, लुण्ड्रा में 100 से अधिक स्थानों पर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण आपूर्ति बाधित हो गई है। विद्युत के अभाव में प्रभावित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान टार्च की मदद से मतदानकर्मियों ने मतदान की प्रक्रिया पूरी की।

#### 5 डिग्री से अधिक गिरा पारा

विक्षोभ के प्रभाव से हल्की वर्षा होने एवं शीतल हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिल गई। वर्षा होने के बाद तापमान में 5.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिनों तक धूप-छांव का प्रभाव रहने के साथ ही गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। इस दौरान धूप भी निकलेगी लेकिन बादलों के प्रभाव से मौसम में बदलाव भी होगा। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को सुबह 8.30 बजे 31.0 डिग्री, 11.30 बजे 34 डिग्री, दोपहर 2.30 बजे 34.2 डिग्री एवं शाम 5.30 बजे 35.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में 5.4 डिग्री की गिरावट होने से गर्मी से राहत मिल गई है।



## 25 किमी का पैदल सफर कर मतदान करने पहुंचे पण्डो समाज के मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। मतदाता घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। मतदान में महिला मतदाताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सरगुजा संसदीय क्षेत्र के मतदान को लेकर दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। दशकों से मूलभूत सुविधाओं से जूझने के बावजूद अपना घरबार छोड़कर 3 वर्षों से बलियरी जंगल में जीवन गुजार रहे विशेष संरक्षित पण्डो समुदाय के लोगों ने 25 किमी का पैदल सफर तय कर सीमावर्ती मतदान केन्द्र लुल्ह में मतदान करने पहुंचे। अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद ग्रामीण वापस पैदल चलकर देर रात अपने घर लौटे। दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ का आश्रित गांव है तेलाईपाट बस्ती पहाड़ी पर बसा है। अभी तक तेलाईपाट तक सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीण जंगल-पहाड़ के रास्ते पैदल आवागमन करते हैं। गांव में विशेष संरक्षित पंडो समुदाय के लोग रहते हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। पेयजल संकट के कारण गांव के लोग बलियरी जंगल में नदी किनारे अपना गुजर-बसर कर रहे हैं। शासन-प्रशासन की पहल पर कुछ परिवार वापस गांव लौट गए जबकि 20 परिवार अभी भी जंगल में खानाबदोश जीवन जी रहे है। ग्रामीणों का मतदान केन्द्र ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम लुल्ह निर्धारित किया गया है। मंगलवार बलियरी जंगल में निवासरत 45 सदस्य 25 किमी का सफर तय कर मतदान करने लुल्ह पहुंचे तथा मतदान करने के बाद वापस पैदल घर के लिए निकले। तेलाईपाट पहाड़ी पर निवासरत समुदाय के अन्य ग्रामीण भी 6 किमी एवं ग्राम मुण्डा के ग्रामीण 10 किमी का पैदल सफर कर मतदान केन्द्र लुल्ह पहुंचे थे। मंगलवार को क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में चिलचिलाती धूप निकलने के बावजूद लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहें।

- मतदाताओं में भारी उत्साह, 90 फीसदी तक वोटिंग

## पेड़ पर लटका मिला मां-बेटे का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** ग्राम पचावल में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब जंगल में महुआ पेड़ पर मां-बेटा का शव फांसी में लटका मिला। मामला आत्महत्या का है या हत्या के बाद दोनों का शव फांसी पर लटकाया गया है इसकी जांच पुलिस कर रही है। मृतिका की मां ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सनावल थाना अंतर्गत ग्राम पचावल से लगे जंगल में सोमवार को महुआ बीनने गए ग्रामीणों ने महुआ के पेड़ पर महिला एवं किशोर का शव फांसी पर लटका देखा। शव पचावल निवासी लक्ष्मी यादव (36) एवं उसके पुत्र आशीष यादव (14 वर्ष) की थी। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव को उतारा। इधर पुलिस के जांच में पता चला कि मृतिका लक्ष्मी यादव 29 अप्रैल को इलाज कराने के नाम से घर से निकली थी। वहीं उसका पुत्र आशीष यादव 27 अप्रैल को नाना के यहां जाने के नाम पर निकला था जिसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह दोनों का शव गांव के बाहर जंगल में फांसी में लटका मिला। परिजन के मुताबिक लक्ष्मी का मोबाइल खराब हो गया था और उससे संपर्क नहीं हुआ था। पुलिस जांच में पता चला है कि लक्ष्मी यादव अपने पति हृदय नारायण यादव की दूसरी पत्नी थी।

### बांगों संयंत्र से विद्युत आपूर्ति ठप

**अम्बिकापुर।** तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब दोपहर 2.15 बजे सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले में एक साथ विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। प्रारम्भ में तो विद्युत अधिकारी मतदान के दौरान आई इस बड़ी समस्या का कारण नहीं समझ पाए तथा विद्युत उपकेन्द्र में खराबी आने की संभावना से हड़बड़ी में उपकरणों की जांच करने लगे। कुछ देर बाद बांगों स्थित संयंत्र में तकनीकी खराबी आने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिली तो अधिकारी एक दूसरे को फोन कर कारण एवं निवारण की स्थिति की जानकारी लेते रहे। निर्वाचन कार्य में विद्युत आपूर्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। चुनाव को लेकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मतदान केन्द्र सहित संबन्धित कार्यालयों में आपूर्ति सुचारू करने की तैयारियां करते रहे। मतदान को लेकर विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई थी तथा कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही सभी वितरण केन्द्रों में कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### आज देर से रवाना हुई बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर

**कोरबा।** पेयरिंग रैक के (18238 अमृतसर-बिलासपुर छ. ग. एक्सप्रेस) अत्यधिक विलंब से चलने के कारण 8 मई को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर बिलासपुर से 5 घंटे देरी से 12.30 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार 8 मई को कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भी कोरबा से 4 घंटे देरी से दोपहर 3.33 बजे रवाना होगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार

**कोरबा।** शादी का झांसा देकर साथ रहने के बाद दूसरे जगह शादी की बातचीत शुरू कर दिया। इस पर पीड़िता ने युवक के विरूद्ध शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद से युवक फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में फेसबुक के माध्यम से एनटीपीसी जमनीपाली निवासी जांटी एडविन का फ्रेंड रिक्वेस्ट आने पर उससे बातचीत शुरू हुई। इस बाद उसने पीड़िता को अपने विश्वास में लेकर अलग घर में रहने पर जोर दिया। इस पर युवती ने विश्वास करते हुए अपना घर छोड़ जांटी एडविन आनंद के साथ उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मकान किराया पर लेकर रहने लगी। उसने बताया कि लगभग दो साल साथ रहने के उपरांत जांटी एडविन आनंद के माता पिता उनके उरगा स्थित मकान में आए और शादी करने की बात कही। इसके बाद जांटी माता पिता के साथ अपने घर लौट गया।कुछ दिनों पश्चात युवती की नियुक्ति अंबिकापुर के पास रघुनाथनगर में लेक्चर के रूप में हुई। युवती ने जांटी के साथ बातचीत की, तब उसने शादी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह, अभी समय है कहकर लगातार टालमटोल किया जाता रहा फिर युवती द्वारा शादी करने की बात करने पर जांटी ने युवती का फोन नंबर ब्लाक कर दिया। युवती द्वारा उसके दोस्तों और परिवार वालों से संपर्क करने पर पता चला की जांटी की शादी की बातचीत किसी अन्य जगह चल रही है। इस पर युवती द्वारा कोतवाली कोरबा में जांटी एडविन आनंद के ख़िलाफ अपराध दर्ज कराया गया।

### चुनाव को लेकर ड्राई डे, उधर चोरों ने पार कर दी शराब

**कोरबा।** जिले में शराब दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान से देसी और महंगे ब्रांड के अंग्रेजी शराब की पेटी लेकर फरार हो गए है। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, ये घटना बांकी मोंगरा थाना अंतर्गत भैरोताल शराब दुकान की है। सोमावार के तडक़े सुबह चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चुनाव के मद्दे नजर शराब दुकान को कलेक्टर के आदेश पर कल शाम बन्द कराया गया, जिसके बाद चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा गार्ड शराब दुकान के बगल में सोया हुआ था। जब अचानक नींद खुली तो दुकान का ताला टूटा हुआ पाया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के सामने शटर का ताला टूटा मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो चोरों ने शराब के पेटी और बोतल ले भागे थे। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी बाकी मोगरा थाना पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को दी।

## 2 हजार क्यूसेक पानी अभी भी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में, वाटर लेवल हुआ 45 फीसदी

# बांगो बांध का जलस्तर घटा, फिर भी 16 घंटे चल रहा हाइडल प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य की तपिश इतनी तेज हो गई है कि पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है और लगातार भीषण गर्मी की वजह से ग्रामीण अंचलों में तालाब, नदी, नाले सूखने लगे हैं। गर्मी में लोगों को पानी की कमी ना हो और नदी, नालों में पानी लोगों को मिलता रहे इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है। यही वजह है कि लगातार गर्मी में भी हाइडल प्लांट चलने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से गिरता चला जा रहा है। बांगो बांध का वाटर लेवल 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जिससे अब जल संसाधन विभाग के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। अब विभाग पानी के लिए फूंक फूंककर कदम रखने लगा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के पानी से प्रदेश के कई जिलों के बिजली घर संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर कई जिले के किसानों के खेतों की प्यास भी इसी बांध से बुझाई जाती है। रबी फसल के लिए किसानों को पानी की कमी ना हो और इस गर्मी में लोगों को निस्तारी के पानी पर्याप्त मिल सके इसके लिए मार्च के महीने से ही बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया जा रहा था। लगभग डेढ़ महीने तक हाइडल प्लांट को 36 घंटे लगातार संचालित किया जा रहा था जिससे लगभग 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। यही वजह है कि यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा था और दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से रबी फसल व निस्तरी के लिए लगातार पानी दिया जा रहा था। मई माह के पहले ही सप्ताह में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फीसदी जा पहुंचा है। बताया जाता है कि 7 मई की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.98 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जल भराव का लगभग 45 फ़ीसदी पानी है। मई माह में भी हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे लगभग 2000 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित हो रहा है। बताया जाता है कि लगातार बांगो बांध के गिरते वाटर लेवल की वजह से इस महीने हाइडल प्लांट की रफ्तार 16 घंटे की गई है। आने वाले दिनों में हाइडल की रफ्तार और कम की जा सकती है ताकि बांगो बांध का जलस्तर बना रहे। संभावना जताई जा रही है कि मई माह के अंतिम सप्ताह तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में बांगो बांध का जल स्तर अब बहुत तेजी से गिरने लगा है।



बांगो बांध।

### वर्ष 2023 में 60 फ़ीसदी भरा हुआ था बांध

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 मई की स्थिति में वर्ष 2024 में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जबकि वर्ष 2023 में की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 352.8 मीटर था जो कुल जल भराव का 60 फ़ीसदी पानी था। इस वर्ष हाइडल प्लांट को लगातार तेज रफ़्तार से चलाया गया है जिसकी वजह से कुछ महीनो में ही वाटर लेवल बहुत तेजी से नीचे आया है जो चिंता का विषय बना हुआ है। अब विभाग के अधिकारी प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित बिजली कारखाना को संचालित करने के लिए ही अब चुनिंदा घंटे ही हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा जिससे निकलने वाला पानी से बिजली कारखाने को दिया जाएगा।

### बारिश आने में अभी डेढ़ महीने का समय और

अमूमन वर्षा ऋतु 15 जून से माना जाता है। अभी लगभग डेढ़ महीने का वक्त बचा हुआ है। जन संसाधन विभाग के अधिकारियों को मुताबिक अभी डेढ़ महीने में हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा और ऐसे में यदि पानी की डिमांड आई तो हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्षा ऋतु के आने तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी पहुंचने की संभावना है। यदि बारिश के दौरान कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई तो बांध भर जाएगा अन्यथा बांध को भरने में एक लंबा समय लग सकता है।

## ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना तिलवारीपारा निवासी राम प्रसाद का पुत्र शिवा यादव 6 मई को सुबह लगभग 11 बजे अपने बड़े पापा बृजलाल यादव के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूजी 9792 ड्रीम योगा को लेकर ग्राम आमानारा अपने जीजा महेश यादव के घर जाने के लिए निकला था। दोपहर लगभग 1 बजे रामप्रसाद के पडोसी गुरूप्रसाद यादव ने बताया कि शिवा यादव को तिवरता में ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एलसी 0675 के चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया गया। जिससे उसके सिर में बहुत गंभीर चोट आया। तब रामप्रसाद अपने बडे भाई बृजलाल यादव और छोटे भाई गोपाल यादव को लेकर तिवरता पहूंचा तो वहां पता चला कि उसका पुत्र शिवा यादव को डायल 112 वाले उठाकर एनसीएच गेवरा अस्पताल ले गये है वहां पता चला है कि उसके पुत्र शिवा यादव की मौत हो गई है। रामप्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- पाली थाना के ग्राम रंजना का मामला

## तेज आंधी तूफान के साथ बारिश, विद्युत व्यवस्था ध्वस्त



तेज आंधी बारिश से सड़कों में छायी धूल।



पेड़ से गिरी डगाल।



टूटा बिजली का पोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी के बीच मौसम के बार-बार बिगड़ते तेवर की वजह से मौसम एक बार फिर से खुशनुमा हो गया है। मंगलवार की सुबह से ही मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहा और शाम होते-होते जमकर आंधी तूफान और बारिश हुई। जिसकी वजह से शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई थी। देर रात शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगी रही। जिसके बाद विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह से ही मौसम में हल्की ठंडकता थी और बादल छाए हुए थे। शाम होने के पहले ही तेज आंधी तूफान शुरू हो गई और तेज अंधड़ की वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई। बताया जाता है कि तेज आंधी तूफान की वजह से कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था विद्युत पोल धराशाही हो गए तो कहीं तार टूट गए तो कहीं पेड़ गिर गए हैं। जिसकी वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। बारिश के साथ ही मौसम ने खुशनुमा मोड़ लिया और इसके बाद देर शाम को विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए निकल पड़ी और देर रात तक अलग-अलग क्षेत्र में काम करते रहे। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। चुनाव के मद्देनजर सभी पोलिंग बूथ के आसपास सभी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा पोलिंग बूथ के लिए अलग से टेंट की व्यवस्था की गई थी। शाम को आए आंधी तूफान की वजह से ज्यादातर टेंट धराशाही हो गए थे।

**खास बात**

- मौसम ने एक बार फिर बदली करवट, जगह जगह तंबू भी हो गए थे धराशाही



तेज आंधी से उड़ा टेंट।

### गर्मी से मिली राहत

एक दिन पहले ही सोमवार को 42 डिग्री के पार था और भीषण गर्मी से लोग हलकान थे। लगातार गर्मी की वजह से लोग बीमार भी हो रहे थे लेकिन मंगलवार को एक बार फिर से मौसम ने अचानक करवट बदली और मौसम के करवट बदलते ही तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश भी हुई। जिसके चलते शाम होते ही मौसम खुशनुमा हो गया और गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि एक-दो दिन मौसम कुछ ऐसे ही रहने की संभावना जताई जा रही है। पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। अप्रैल का महीना भी कुछ ऐसा ही था जिसमें कई बार कई दिनों तक मौसम में बदलाव देखा गया था जिसके बाद अब मई माह के पहले सप्ताह में मौसम में फिर से उतार-चढ़ाव शुरू हो चुका है।

## महुआ गोदाम में चोरी की कोशिश, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली निवासी राजेंद्र अग्रवाल महुआ खरीदी बिक्री का काम करता है। महुआ को राजेंद्र अपने घर में ही छोटा सा गोदाम बनाकर रखता है। 5 मई की रात्रि 11 बजे खाना खाकर परिवार के साथ वह सो गया था। 6 मई की रात्रि लगभग 3 बजे घर के गोदाम का ताला तोड़ने का आवाज आया तो राजेंद्र ने सामने दरवाजा खोलकर देखने के लिये गोदाम तरफ गया तो देखा कि गोदाम का दरवाजा खुला हुआ था। गोदाम के पास पहुंचने पर वहां पाली निवासी दो युवक कपील पटेल, दुर्गेश कुमार जेठवा गोदाम में चोरी कर रहे थे। राजेंद्र को देखकर दोनों युवक वहां से भाग खड़े हुए। राजेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों युवक कपील पटेल एवं दुर्गेश कुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### निधन

#### सुरेश सिंह राठौर



**कोरबा।** पोड़ीबहार निवासी 68 वर्षीय सुरेश सिंह राठौर का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उनका इलाज बिलासपुर के अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। सोमवार की सुबह उनका निधन हो गया। पूर्व में सीएसईबी कर्मचारी थे। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी सहित भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं।

## रेलवे का निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे कर्मचारियों को अब छोटी-बड़ी बीमारियों की ब्लड जांच अब कोरबा जिले में ही करा सकेंगे। इसके लिए रेलवे प्रबंधन ने जिले के एक निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध किया है। अब कर्मचारियों को बिलासपुर मुख्यालय तक की लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिविजन के कोरबा रेलवे सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है। स्वास्थ्य खराब होने पर कर्मचारियों को चिकित्सकों की सलाह पर बीमारियों के परीक्षण के लिए खून जांच कराने के लिए बिलासपुर मुख्यालय में स्थित रेलवे अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती थी।इससे कर्मचारियों को काफी असुविधा हो रही थी। इसे लेकर रेलवे यूनियन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। यूनियन की मांग पर प्रबंधन ने गंभीरता दिखाई। कोरबा के निहारिका स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य बिगडऩे पर खून जांच के लिए अनुबंध किया है। कर्मचारी अब चिकित्सकों की सलाह पर इस डाग्यनोस्टिक सेंटर से खून जांच का रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के डिविजनल कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने बताया है कि कोरबा के रेल कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। यूनियन के प्रयास से कोरबा रेलवे सेक्शन बालपुर से जुनाडीह साइडिंग में कार्यरत लगभग 1400 से अधिक रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार को इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।यूनियन की ओर से कर्मचारी व उनके परिवार की स्वास्थ्य सुविधा के लिए प्रबंधन से अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन सुविधा की भी मांग की जा रही है। यह सुविधा मिलने से रेलवे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### महिला के गले से मंगलसूत्र की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी धरमशीला शुक्ला 1 मई को गांव के अन्य महिलाओं के साथ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कटघोरा आगमन पर सभा स्थल मेला गांवड कटघोरा में शामिल होने आयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात वापस घर आते समय कार्यक्रम स्थल में ही महिला दीर्घा में काफी भीड़ होने से भीड़ का फायदा उठाते हुये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धरमशीला के गले में पहने हुये सोने मंलगसूत्र जिसमें एक लाकेट एवं 6 गेहू दाना लगा हुआ है जिसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## शासकीय जमीन में निर्माण कार्य को लेकर नई गाईड लाईन हुई जारी

# ग्राम नगर निवेश में शामिल ग्रामों में भवन निर्माण के लिए लेनी होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम नगर निवेश अंतर्गत शहर से लगे ग्रामों को शामिल किया गया है। इन ग्रामों में अब किसी भी तरह के निजी निर्माण कार्य को लेकर यहां तक पंचायत के द्वारा सामुदायिक भवन व पंचायत भवन के निर्माण हेतु भी ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति लेना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय भूमि में बढ़ते बेजाकब्जा और अधोसंरचना विकास को लेकर नई गाइड लाईन जारी की है।

नगर पालिक निगम से लगे शहरी क्षेत्र के ग्राम भूलसीडीह, डूमरडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, जामबहार, सोनपुरी, रूगबहारी, आदि ऐसे ग्राम हैं जिन्हें दो वर्ष पूर्व ग्राम नगर निवेश विभाग के अंतर्गत शामिल किया गया है। इन ग्रामों की जिला मुख्यालय से दूरी महज 10 से 15 किलोमीटर के बीच है। इन ग्रामों के शासकीय भूमि को अधोसंरचना विकास के लिए आरक्षित रखा गया है। ग्राम नगर निवेश विभाग द्वारा इन ग्रामों में होने वाले किसी भी तरह के शासकीय अशासकीय निर्माण कार्यों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। इन ग्रामों की जमीनों को मास्टर प्लान के लिए आरक्षित रखा गया है। आने वाले समय में इन ग्रामों में अधोसंरचना के विकास कार्य किया जाना है। कुछ शासकीय दरफ्तारों के निर्माण भी इन ग्रामों में होंगे। विकास कार्यों का विस्तार इन्हीं ग्रामों में ज्यादा होना है। जिसके मद्देनजर ग्राम नगर निवेश विभाग में उसके अंतर्गत आने वाले ग्रामों में निर्माण कार्यों को लेकर रूपरेखा तैयार की है। निजी निर्माण कार्यों के अलावा शासकीय विभाग अगर कोई कार्य कराते हैं तो उन्हें जमीन से संबंधित सभी दस्तावेजों को ग्राम नगर निवेश विभाग में प्रस्तुत कर निर्माण कार्य की एनओसी लेना होगा।

**खास बात**

- सामुदायिक भवन के लिए पंचायत को भी देना होगा आवेदन



### शुरू होगा मेडिकल कॉलेज का काम

भूलसीडीह ग्राम में मेडिकल कॉलेज कैंपस का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसके लिए जमीन चयन का कार्य हो चुका है। ग्राम नगर निवेश के अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह को शामिल किया है और अधोसंरचना के क्षेत्र में किसी ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाला बड़ा निर्माण कार्य भूलसीडीह में किया जा रहा है। इनके अलावा डूमरडीह और गोढ़ी से लगे चाकामार आदि ग्रामों में भी वन विभाग के अंतर्गत आने वाले निर्माण कार्य कराए जाएंगे। जिनके लिए अब ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज परिसर निर्माण हेतु ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति लेना होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024

राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411